समाचार

# अपर आयुक्त ने डोर–टू–डोर पहुंचकर लोगों से हुए रूबरू, साफ–सफाई कार्यो पर की चर्चा, जानी गली–मोहल्ले की समस्याएं, निराकरण के दिये निर्देश



कोरबा 22 जुलाई 2025 – आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय के दिशा निर्देशन में आज अपर आयुक्त श्री विनय मिश्रा ने नियमित रूप से शहर भ्रमण क्रम में वार्ड व बस्तियों में अधिकारियों की टीम के साथ दस्तक देने के परिणाम स्वरूप शहर के विकास कार्यो को लगातार गति मिल रही है। वहीं दूसरी ओर जनसमस्याओं का त्वरित निराकरण भी हो रहा है। इसी कड़ी में अपर आयुक्त ने नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क्र. 05 एवं 06 के विभिन्न मोहल्लों, बस्तियों का भ्रमण किया, प्रगतिरत विकास कार्यो को देखा तथा साफ–सफाई कार्यो का जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

अपर आयुक्त श्री विनय मिश्रा द्वारा अधिकारियों की टीम के साथ निकले नगर के विभिन्न गलियों में पैदल भ्रमण करते हुए, साफ–सफाई कार्यो का सघन रूप से निरीक्षण किया। वार्ड वासियों से रूबरू होकर निगम के साफ–सफाई कार्यो पर चर्चा की तथा उनकी समस्याओं की जानकारी ली। इसी कड़ी में पुरानी बस्ती, आदिले मोहल्ला, दुरपा रोड, रानी धनराजकुंवर रोड, दुर्गा मंदिर, के.एन.कालेज रोड, देवांगनपारा बस्तियों का भ्रमण करते हुए सफाई कार्यो निरीक्षण किया। वहॉ के दुकानदारों से चर्चा करते हुए उन्हें समझाईश दी कि वे अपने दुकानों प्रतिष्ठानों के बाहर डस्टबिन आवश्यक रूप से रखें व दुकानों में आने वाले ग्राहकों से वे आग्रह करें कि कचरा डस्टबिन में ही डालें। इसके अतिरिक्त उप जोन प्रभारी एवं राजस्व के अन्य कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वार्ड में किसी प्रकार का अतिक्रमण अवैध कब्जा की कार्यवाही न हों, इसका विशेष ध्यान रखा जावें एवं अतिक्रमण की दशा में तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होने स्वच्छता

दीदियों से कहा कि डोर–टू–डोर अपशिष्ट संग्रहण करते समय उन्हें प्रदाय की गई पुस्तिका में नियमित रूप से प्रतिदिन कचरा संग्रहण का समय संधारित किया करें ताकि वार्डवासियों को यह ज्ञात हो सके कि किस निर्धारित समय पर अपशिष्ट कलेक्शन हेतु स्वच्छता दीदियॉ डोर–टू–डोर कचरा लेने उनके यहॉ आती है। उन्होने ने वार्ड में भ्रमण दौरान यह पाया कि सड़क किनारे सी.एण्ड डी. वेस्ट व भवन निर्माण सामग्री को डम्प कर रखा गया था, भवन के निर्माण नहीं होने से सड़क में जाम की स्थिति की वजह से आवागमन करने वालों को असुविधा हो रही है। उन्होने भवन स्वामियों से कहा कि यदि वे भवन निर्माण कराने हेतु यह सामग्री रखें हैं तो तत्काल निर्माण कार्य पूर्ण कर लेवें अथवा यह सामग्री यहॉ से हटवा लेवें ताकि आने जाने वाले राहगिरों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

देवांगनपारा बस्ती के भ्रमण के दौरान अपर आयुक्त श्री विनय मिश्रा ने वार्ड के नागरिकों से प्रत्यक्ष रूबरू होकर निगम द्वारा किये जा रहे साफ–सफाई कार्यो पर चर्चा की, उन्होने नागरिकों से जानना चाहा कि उनके घरों से प्रतिदिन अपशिष्ट का संग्रहण किया जा रहा है या नहीं, जिस पर वार्डवासियों ने बताया कि निगम की स्वच्छता दीदियॉ नियमित रूप से निर्धारित समय पर डोर–टू–डोर भ्रमण करती है तथा कचरे का संग्रहण नियमित रूप से उनके द्वारा किया जा रहा है। उन्होने लोगों से साफ–सफाई कार्यो पर चर्चा करते हुए बेहतर स्वच्छता कार्यो हेतु उनके सुझाव भी मांगे, साथ ही वार्ड की समस्याओं की जानकारी ली तथा इनके निराकरण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिये।

भ्रमण के दौरान निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, उप जोन प्रभारी अजय कुमार अग्रवाल, उप अभियंता विनोद कुमार गोंड़, जागेश्वर यादव, संतोष सांडे, ओमप्रकाश श्रीवास, तीजराम, गिरवर विश्वकर्मा आदि के साथ अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।